शहर से होने लगा कचरो का सफाया, सड़क पर न पसरे गंदगी, झिल्ली, पन्नी एवं कचरे का हो रहा है उठाव

भिलाईनगर। भिलाई निगम क्षेत्र के सड़कों के किनारे से झिल्ली , पन्नी के कचरे का उठाव किया जा रहा है। निगम के सफाई कर्मी प्रतिदिन प्लास्टिक एवं अन्य कचरों का उठाव कर रहे है , जिससे रहवासी क्षेत्रों में कचरे का ढेर समाप्त हो रहा है। स्वच्छता कार्य के तहत निगम प्रशासन शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में जुटा हुआ है , सभी जोन कार्यालयों द्वारा टीम बनाकर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। भिलाई निगम क्षेत्र में कचरे का सफाया करने लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है। शहर के सड़कों के किनारे बिखरे हुए झिल्ली , पन्नी के कचरे का उठाव किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि बिखरे हुए प्लास्टिक का कचरा हवा में उड़ने से गंदगी फैलता है। झिल्ली, पन्नी का कचरा नालियों में जाने के कारण पानी निकासी में अवरोध उत्पन्न करता है , जिससे नाली सफाई करने में काॅफी दिक्कत होती है। स्वच्छता पर्यवेक्षक व जोन के स्वास्थ्य अधिकारी प्रतिदिन दोनो पालियों की सफाई कार्य की माॅनिटरिंग कर रहे हैं। प्रतिदिन सुबह कचरों के उठाव होने के साथ ही नालियों की सफाई किया जा रहा है। नलकूप , बोरिंग, कुआं के आस पास सफाई पश्चात चूना व ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी किया जा रहा है। निगम के स्वच्छता कर्मी कचरे का उठाव करते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी कर रहे है। भिलाई निगम के आयुक्त रोहित व्यास ने सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदंडों के अनुरूप कार्य करते हुए सड़क , नालियों के सफाई व्यवस्था को दूरूस्त करने निगम के सभी जोन के स्वास्थ्य अधिकारी प्रतिदिन सुबह वार्डों में निरीक्षण कर रहे है तथा सफाई कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं। जोन के स्वास्थ्य विभाग के सफाई कर्मचारी वार्डों में प्रतिदिन गली , मोहल्लों, मुख्य सड़कों व नालियों की सफाई कर रहे हैं। भिलाई निगम क्षेत्र से कचरा पॉइंट को समाप्त करने का कार्य किया जा रहा है।